07469-232013

राष्ट्रीय सेवा योजना

# राजकीय महाविद्यालय

हिण्डौन सिटी, जिला-करौली (राज.)

क्रमांक

दिनांक 01/10/19

स्थानीय संवाददाता
हिण्डौन सिटी

विषय: महात्मा गाँधी जी की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन

हिण्डौन सिटी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में (NSS) एनएसएस के तत्वाधान में आज दिनांक 01/10/2019 को राष्ट्रीय रक्तदान ~~शिविर का आयोजन किया गया~~ दिवस मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री सुरेश चन्द मीना ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ नमोनारायण मीना, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ आशीष शर्मा, राजकीय चिकित्सालय हिण्डौन सिटी रहे। इन्होंने राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर छात्र-छात्राओ को रक्तदान देने संबंधी भ्रांतियों का निवारण कर छात्र-छात्राओं को रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में श्री मुकेश गोयल, डॉ धर्मेन्द्र सिंह एवं दिलीप उपस्थित रहे।

दिनांक 02/10/2019 को प्रातः 9 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में स्थानीय चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राज. महा. टोडाभीम, राज. महा. नादौती, स्थानीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ एवं स्वेच्छा से शहर एवं ग्रामीण का कोई भी व्यक्ति, एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओ के विद्यार्थी भी स्थानीय महाविद्यालय में आकर रक्तदान कर सकते हैं।

'रक्तदान महादान'

(मुहर: राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी — प्राचार्य)

(हस्ताक्षर)
श्रीनिवास गुर्जर
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई- व

(हस्ताक्षर) 1/10/19
प्राचार्य
राज. महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

राष्टीय सेवा योजना

02/10/19 की NEWS

बालाजी मंदिर कर अपनी मनोकामनाए पूरी करते है। वहीं रामायण का पाठ का आयोजन किया जा इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालु बढ़ चढ़कर भाग आदि लोग शामिल हुए।

दैनिक भास्कर

# राजकीय पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर में 42 स्टूडेंट्स ने दिया रक्त

नगर संवाददाता | हिंडौन सिटी

राजकीय पीजी कॉलेज में एनएसएस के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 42 स्टूडेंटों ने रक्तदान किया।

प्राचार्य प्रो. रामराज मीना एवं कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि रक्तदान शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम में राजकीय अस्पताल प्रभारी डॉ. नमोनारायण मीना, डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. सौरभ आदि ने रक्तदान का महत्व बताया। शिविर में प्रो. धर्मेंद्र सिंह, डा. मुकेश गोयल, श्रीनिवास गुर्जर, अशोक बैरवा, सर्वेजीत मीना, संग्राम सिंह बैसला सहित 42 जनों ने रक्तदान किया। शिविर में सुरेशचंद व श्रीनिवास गुर्जर का विशेष सहयोग रहा। शिविर के बाद प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताते हुए एकल उपयोग प्लास्टिक को उपयोग नहीं करने की बात कही गई। इस अवसर पर दौड़ का भी आयोजन किया गया।



हिंडौन सिटी। पीजी कॉलेज में रक्तदान करते स्टूडेंट।

## 51 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

**करौली।** महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर बुधवार को करौली मंडरायल मार्ग स्थित जिला पुलिस लाइन पर पुलिस अधिकारियों सहित 51 पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए सर्वप्रथम रक्तदान किया और पुलिसकर्मियों को समय-समय पर रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमारे रक्तदान के जरिए किसी मुसीबत में फंसे व्यक्ति की जान बच सकती है इसलिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और इससे अच्छा बड़ा कोई पुण्य कर्म भी नहीं है। इस दौरान लांगरा थाना अधिकारी दिनेश चंद्र मीणा, श्रीमहावीरजी थानाधिकारी देवेंद्र शर्मा, मासलपुर के हैड कांस्टेवल सुरेंद्र सिंह जादौन, प्रसून शर्मा, कांस्टेबल अरविंद चतुर्वेदी सहित 51 पुलिसकर्मियों ने रक्तदान कर गांधी जयंती मनाई।

## 140 लोगों ने किया रक्तदान

**करौली।** गांधी जयंती के अवस रपर राजकीय महाविद्यालय, हिंडौन महाविद्यालय व पुलिस लाइन में आयोजित रक्तदान शिविर में 140 यूनिट रक्तदान हुआ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.दिनेश मीना ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर राजकीय महाविद्यालय करौली में 50 यूनिट, हिण्डौन में 39 यूनिट एवं पुलिस लाईन करौली में 51 यूनिट रक्तदाताओं ने अपने रक्त का दान किया। उक्त रक्त का सदुपयोग किया जाकर जरूरतमंद के जीवन को बचाने में किया जएगा। इस प्रकार के सहयोग से जहां मानवीय सेवा होती है वहीं किसी व्यक्ति के जीवन में दिए गए रक्त का उपयोग होने से पुण्य भी मिलता है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर दाताराम ने भी महाविद्यालय परिसर में छात्र एवं छात्राओं को रक्तदान के बारे में जागरूक किया। रक्तदान शिविर में पीएमओ डॉ दिनेश गुप्ता, कॉलेज प्राचार्य लक्ष्मी चंद मीना भी उपस्थित थे।

## ों को देखने उमड़ा जनसमूह



त्रों में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमो से माहौल धर्ममय ाड पर खादी भंडार के पास चल रहे दुर्गा महोत्सव मे ीव झांकियां सजाई गई। जिनके दर्शनों को हजारों लोग ती, शेषनाग, उड़ते हुए हनुमानजी लोगो के आकर्षण में कोली समाज सहित सर्व समाज के अरुण कुमार, ा कुमार, गेंदा लाल, राजेंद्र आदि सहयोग कर रहे है।

## ी पर छप्पनभोग कल

म पंचायत बाजना के प्रसिद्ध बसोड़ी वाले हनुमान छप्पनभोग व फूलबंगला की झांकी सजाई जावेगी। ज ने बताया कि शनिवार को हनुमान जी की पूजा की सजाई जाएगी। तत्पश्चात सायंकाल प्रसादी का

## ा महोत्सव आज

हिला संगठन के तत्वावधान में नवरात्रि के अवसर को शाम 6 बजे से डांडिया महोत्सव का आयोजन ललिता गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं व त्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

## ा बदलो टीम ने शुरू की निशुल्क कोचिंग

ड्रपुरा में ग्रामीणों के सहयोग से कक्षा 9 व 10 वीं में त्रो को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड्रपुरा में ू कर दी गई है। जिसका उद्घाटन ग्राम पंचायत सरपंच

## अब मेरी बारी में मैजिक ब महाविद्याल

**करौली।** शह महाविद्यालय कार्यशाला व हुआ। जिसमें चिकित्सा, सु यौन प्रजनन लेकर 10 से किशोरियों के बारी अभियान बस गुरुवार क पहुंची।

इस दौर वॉलंटियर ने किए सामाजिक आधार पर शि सुधार के सुझा नृत्य नाटिकाओं से समाज समस्याओं व मुद्दों को समझा का उद्देश्य समा समस्याओं को समक्ष रखकर स प्रयास करना है।

कार्यक्रम का डांग विकास सं और दिल्ली की द की ओर से किया ग की गुरुप्रिया ने अभियान में 5 लेकर विशेष चर्चा है। जिसमें 10 से 1 किशोरियों को पोष चिकित्सा, सुरक्षा प्रजनन के मुद्दे हैं।

# पीएचसी के रिकॉर्ड व व्यवस्था की सही जांच

युवा संगठन ने कलेक्टर

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

☎ 07469-232013

राष्ट्रीय सेवा योजना

# राजकीय महाविद्यालय

हिण्डौन सिटी, जिला-करौली (राज.)

क्रमांक दिनांक 02/10/19

## प्रेस समाचार

विषय : महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वाधान मे रक्त दान शिविर का आयोजन सम्पन्न।

हिण्डौनसिटी। आज दिनांक 02/10/19 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में रक्त दान शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिस हेतु राजकीय चिकित्सालय हिण्डौन सिटी के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ नमोनारायण मीना, डॉ अशीव शर्मा, डॉ सौरव एवं उनकी टीम का सहयोग प्राप्त हुआ।

रक्तदान शिविर का प्रारम्भ प्रातः 9 बजे महाविद्यालय के प्रोफेसर धर्मेन्द्र सिंह, डॉ मुकेश गोयल, श्रीनिवास गुर्जर, अशोक बैरवा, सर्वेजीत मीणा, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, राज- महा: थेडाग्रीम के छात्र-छात्राओं एवं जिले के NSUI पदाधिकारी संग्रामसिंह बैसला एवं अन्य छात्रों ने 42 यूनिट रक्त दान किया गया। इस शिविर श्री सुरेश चन्द मीना एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ~~जी~~ का विशेष सहयोग रहा।

महाविद्यालय में रक्तदान शिविर के साथ-साथ गाँधीजी एवं शास्त्री जी की जयंती पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे प्राचार्य प्रोफेसर रामराज मीना, पीएमओ डॉ नमोनारायन मीणा एवं महाविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिसमें सभी वक्ताओं ने स्वच्छता, गाँधी जी (एवं शास्त्री जी) के आदर्शों को अपनाने पर बल दिया।

महाविद्यालय में गाँधी जयन्ती के अवसर पर ही ~~[illegible]~~ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार FIT INDIA Plogging Run का आयोजन किया। जिसमें एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी (इकाई-B) श्रीनिवास गुर्जर ने ploggin Run के बारे में बताया कि तेज चलते हुए रास्ते में पडे प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करते हुए नष्ट करना है। एवं ऐसा प्लास्टिक जो एक बार प्रयोग में आता है उसका उपयोग नही करना। इस दौड को हरी झंडी प्राचार्य प्रोफेसर रामराज मीना द्वारा दी गई जिसमें सभी संकाय सदस्य एवं महाविद्यालय के कर्मचारी और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अधिकारी (NSS unit-B) | कार्यक्रम अधिकारी NSS, unit-A | प्राचार्य राज. महा. हिण्डौनसिटी

Scanned with CamScanner

# पौधे रोप लिया सुरक्षा का संकल्प

हमारा समाचार







**हिण्डौनसिटी।** स्थानीय राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में हरित राजस्थान सप्ताह के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शनिवार को पौधारोपण किया गया। हरिज राजस्थान सप्ताह में 27 जुलाई तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।

कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के निर्देशानुसार मनाए जा रहे हरित राजस्थान सप्ताह के तहत महाविद्यालय परिसर में एक सौ इक्यावन पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के पहले दिन एनएसएस स्वंयसेवकों ने विभिन्न किस्मों के पचास पौधे लगाए। इस दौरान स्वयंसेवकों ने पौधों की नियमित सिंचाई एवं संरक्षा का संकल्प भी लिया। पौधारोपण कार्यक्रम में ईकाई ए की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. भोली मीना, डॉ. गोविन्द सहाय मीना, सुरेश मीना, सर्वजीत मीना, डॉ. कमलेश वर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, अशोक बैरवा, डॉ. विपिन बागड़िया, रामप्रसाद मीना सहित स्वंय सेवक मौजूद थे।

**टोड़ाभीम (निज संवाददाता)।** क्षेत्र के पाडला में 132 केवी जीएसएस परिसर में शनिवार को अधिशाषी अभियंता शिवचरण मीना के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन में विशेष महत्व रखते है। पौधारोपण कर मानव को पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में योगदान देना चाहिए। इस मौके पर विद्युत निगम के सहायक अभियंता व कर्मचारियों ने प्रतिवर्ष पौधारोपण उत्सव मनाने व लगाए गए पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

**पटौंदा (निज संवाददाता)।** गुनसार के राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को ग्रामीण व विद्यालय प्रशासन की ओर से पौधरोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न किस्मों के करीब एक सौ एक पौधे रोपे और रखरखाव का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि राजेश मीना, ग्राम विकास अधिकारी रेखा मीना, शारीरिक शिक्षक समन्दर सिंह बेनीवाल, कनिष्ठ तकनीकि सहायक फारुक खान, सत्तार खान, रामचरण कोली, साजिद खान, जमील खान, जुबेर खान व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

Scanned with CamScanner

# हरित अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय में पौधरोपण



**हिण्डौन सिटी।** शहर के करौली मार्ग स्थित राजकीय महाविद्यालय में हरित राजस्थान सप्ताह के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य,व्याख्याता व छात्र छात्राओं ने स्वयंसेवको की तरह गड्ढे खोदकर नए पौधे लगाए। कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि 20 जुलाई से 27 तक चलने वाले हरित सप्ताह के प्रथम दिन में शुरुआत कर विभिन्न किस्मो के करीब 50 पौधे लगाए।छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में कुदाली व फावड़ों से गड्ढे खोदे व नए पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि अभियान में 151 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी भोली मीणा, व्याख्याता डॉ गोविंद सहाय मीणा,सुरेश मीणा,कमलेश वर्मा,अशोक बैरवा, डॉ विपिन बगड़िया, सर्वजीत सहित काफी संख्या में विद्यार्थियों ने सहयोग किया।

Scanned with CamScanner

# पर्यावरण संतुलन के लिए जरुरी हैं पेड़

हमारा समाचार

**हिण्डौनसिटी (कार्यालय संवाददाता)।** यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हरित राजस्थान सप्ताह के तहत गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्वंयसेवकों ने पौधे रोपे। सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में स्वंयसेवक, संकाय सदस्य एवं कर्मचारियों ने विभिन्न किस्मों के 95 पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य भगवानसहाय शर्मा व पंचायत समिति के विकास अधिकारी लखनसिंह ने पौधा रोप कर की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़ों की पर्यावरण संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। सुरेश कुमार



मीना, डॉ. सर्वेजीत मीना, डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. धर्मेन्द्रसिंह, अशोक बैरवा, मनोज मीना, हेमेन्द्र मीना, छात्र नेता धर्मवीर गौतम ने पौधारोपण में सहयोग किया। कार्यक्रम में सभी ने अपने द्वारा लगाए गए पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया।

## कल्याणधणी की यात्रा 20 को

### तैयारियों पर चर्चा, जिम्मेदारी सौंपी



हमारा समाचार

**नादौती।** क्षेत्र के कैमरी गांव में कल्याण सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 20 अगस्त को कल्याणजी को पदयात्रा जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष शीशराम खटाना ने की। इस दौरान डिग्गी कल्याणजी को जाने वाली 19वीं पदयात्रा को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

हिंडौन भास्कर
जयपुर, बुधवार, 16 मार्च, 2022 | 18

# शिविर में स्वच्छता अभियान चलाया



हिंडौन सिटी। राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दौरान दोनों इकाइयों की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन दिवसीय शिविर के दौरान महाविद्यालय की दोनों इकाइयों की ओर से महाविद्यालय परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के दौरान पार्क को साफ किया गया। शिविर प्रभारी रामनिवास गुर्जर, भोली मीणा ने स्वयं सेवकों को गोद ली गई बस्तियों में ले जाकर वोटर आईडी बनवाने व चुनावों में अपने मत के अधिकार के बारे में जानकारी दी व मतदान के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया। कार्यक्रम में डॉ.अनिल अग्रवाल, डॉ.रितेश जैन, सहदेव चौधरी, उपमा मीणा, मनोज मीणा, रामप्रसाद मीणा व अभिषेक आदि ने स्वयं सेवकों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई गई जनहित की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर करौली 25-09-2022

करौली-हिंडौन भास्कर

# स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य बताए, श्रमदान, समाज सेवा के लिए प्रेरित किया

## राजकीय पीजी कॉलेज में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया

**हिंडौन सिटी|** राजकीय पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस एवं प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों और महाविद्यालय प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।

प्राचार्य ने एनएसएस के उद्गम, उद्देश्य व गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वर्तमान में हो रहे सामाजिक परिवर्तन में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और स्वयंसेवकों से राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के अनुरूप आचरण करने का आह्वान किया। बताया कि प्रथम व द्वितीय वर्ष के नियमित विद्यार्थी राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग ले सकते हैं। महाविद्यालय में एनएसएस की दो इकाइयां हैं। जिसमें 70 स्वयंसेवकों को प्रवेश दिया जाना है। आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 28 सितम्बर है। आवेदन पत्र के साथ 10 वीं 12 वीं कक्षा की मार्कशीट व प्रथम वर्ष की फीस रसीद साथ लगानी होगी। स्थापना दिवस समारोह में मुकेश कुमार गोयल, महेश कुमार गर्ग, डॉ. रीतेश जैन, श्रीमती भोली मीना, श्रीनिवास गुर्जर, श्रीमती राजकुमारी, कार्यक्रम अधिकारी सहदेव सिंह, उपमा मीना आदि मौजूद रहे।



हिंडौन सिटी। राजकीय पीजी कॉलेज में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया।



नादौती। राजकीय कॉलेज परिसर की सफाई कर श्रमदान करते स्वयं सेवक।



टोडाभीम। कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया।

**नादौती|** राजकीय महाविद्यालय नादौती में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एनएसएस स्थापना दिवस पर स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। महाविद्यालय में प्राचार्य आर.सी.वर्मा की अध्यक्षता में स्वयं सेवकों का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. कमलेश कुमार मीना राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य की जानकारी और स्वयं सेवकों को समाज सेवा और श्रमदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के तहत स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई कर श्रमदान किया। डॉ.ऋषिकेश गुर्जर सहायक आचर्य, डॉ. धर्मेंद्र कुमार जांगिड सहायक आचार्य, विजय सिंह बैरवा सहायक आचार्य, श्रीफल मीना सहायक लेखाधिकारी, रवि कुमार मीना कनिष्ठ सहायक, गजानंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

**टोडाभीम|** कस्बे के पाड़ला रोड बिराई चौराहा के समीप स्थित राजकीय कॉलेज के प्राचार्य डॉ.उदयराज मीना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापन दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ.उदयराज मीना ने एनएसएस के उद्देश्यों को छात्र-छात्राव के जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने सेवा भाव को जीवन में उतारने पर बल दिया। इस अवसर पर डा.गोविन्द शरण शर्मा ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को एनएसएस के संकल्पों से जीवन-विकास क्रम में गुणोत्तर वृद्धि को समझाया। महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी अधिकारी डॉ.चन्दनमल शर्मा ने एनएसएस के वर्ष भर किये जाने वाले कार्यों से स्वयंसेवकों को अवगत कराया, उन्होंने मैं नहीं तुम\' के मोटो को अपनाते हुए सेवा धर्म को जीवन में उतारने पर बल दिया गया। अंत में समस्त स्वयंसेवियों ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का समापन किया।

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

16/2/2022

patrika.com

# महाविद्यालय में राजस्थान साइंस लिटरेचर फेस्टिवल शुरू



**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजस्थान साइंस लिटरेचर फेस्टिवल में मंचस्थ अतिथि व उपस्थित संभागी।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**हिण्डौनसिटी @ पत्रिका.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के तत्वावधान में राजस्थान साइंस , लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

रसायन शास्त्र के सहायंक आचार्य श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि फेस्टिवल का उद्घाटन के प्राचार्य सुरेश चंद शर्मा ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि तीन दिववसीय साइंस लिटरेचर फेस्टिवल 16 फरवरी तक चलेगा। पहले दिन मनीष गुप्ता के निर्देशन पर में सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग का प्रभाव समाज के हित में पक्ष और विपक्ष पर वाद विवाद प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रिया शर्मा, अभिलाषा, सोनू ,अनुज, आबिद शाह ने विचार रखे। इसके बाद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर श्लोगन व लेखन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता आयोजन में डॉ अनिल अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह , सहदेव सिंह चौधरी , डॉ श्याम सुंदर शर्मा आदि का सहयोग रहा।

Scanned with CamScanner

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, बुधवार 16 फरवरी, 2022 | 20

# राजकीय कॉलेज में हुआ राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन



**हिंडौन सिटी** | शहर के राजकीय महाविद्यालय में राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने की।

श्रीनिवास गुर्जर सहायक आचार्य रसायन शास्त्र ने बताया कि साइंस लिटरेचर फेस्टिवल बुधवार तक आयोजित होगा। इस अवसर पर सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग का प्रभाव समाज हित में विषय को लेकर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में पक्ष व विपक्ष में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन मनीष गुप्ता ने किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रिया शर्मा, अभिलाषा, सोनू ,अनुज, आबिद शाह ने भाग लिया। महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, धर्मेंद्र सिंह, सहदेव सिंह चौधरी, डॉ. श्याम सुंदर शर्मा एवं सुरेश चंद मीणा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

Scanned with CamScanner

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, शुक्रवार, 18 फरवरी, 2022 | 20

# राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**हिंडौन सिटी** | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अमृत महोत्सव के तहत चल रहे कार्यक्रम में गुरूवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने की। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में 11 छात्र छांत्राओं ने भाग लिया जिनमें छात्रा वर्ग में संगीता जाटव ने प्रथम स्थान, रविता ने द्वितीय स्थान, मनीषा एवं विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र वर्ग में लाखन सिंह प्रजापत ने प्रथम स्थान, मनोज गुर्जर ने द्वितीय स्थान और आमिर खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में रामराज मीणा, सर्वजीत मीणा, सहदेव चौधरी, डां. रीतेश जैन, डां. प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल, सुरेश कुमार मीणा व अभिषेक कुमावत रहे।

Scanned with CamScanner

राजस्थान पत्रिका patrika.com
करौली, शुक्रवार, 18 फरवरी, 2022

# मेहंदी प्रतियोगिता में संगीता प्रथम



हिण्डौनसिटी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता में मेहंदी दिखाती संभागी छात्राएं।

## राजकीय महाविद्यालय में अमृत महोत्सव पखवाड़ा


**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में संगीता जाटव प्रथम, मोनिका जांगिड़ द्वितीय तथा विशाखा जांगिड़ तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में रामराज मीना, सर्वेजीत मीना, सहदेव चौधरी, डॉ प्रीति अग्रवाल, समीक्षा अग्रवाल रहे। प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं को प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।

Scanned with CamScanner

# रंगोली प्रतियोगिता में अभिलाषा, खुशी, कशिक प्रथम

कार्स. | हिंडौनसिटी

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सुरेश चंद मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत छात्राओं की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 15 छात्राओं ने भाग लिया। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी भोली मीणा ने बताया कि शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सुरेश चंद मीणा की अध्यक्षता में अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत रंगोली प्रतियोगिता हुई। जिसमें 15 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें छात्रा अभिलाषा मीणा, खुशी दत्तात्रेय, कशिक मीणा प्रथम स्थान पर रही। मोनिका जांगड़, विशाखा, वीनेश जाटव द्वितीय स्थान पर रही। राधा जाटव मनीषा सैनी व पुष्पा जाटव तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में रामराज मीणा, डॉ अनिल अग्रवाल,सहदेव चौधरी, उपमा मीणा, श्रीनिवास गुर्जर, मनीष गुप्ता, डॉ प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल, सुरेश मीणा, अभिषेक कुमावत मौजूद रहे। महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध समिति के तत्वाधान में नशा मुक्ति विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्यवक्ता डॉ. अनिल अग्रवाल ने बीड़ी, सिगरेट, स्मैक गांजा, जर्दा आदि के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।



हिंडौनसिटी| राजकीय कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता हुई।

Scanned with CamScanner

राजस्थान पत्रिका
करौली, रविवार, 20 फरवरी, 2022

# दमकी रंगोलियां, छात्राओं ने दिखाया कौशल



**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सजाई रंगोली।

**हिण्डौनसिटी @ पत्रिका.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अमृत महोत्सव पखवाड़े के तहत शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता हुई। छात्राओं ने रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाई। आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश चंद मीणा की अध्यक्षता में हुआ। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा के निर्देशन में प्रतियोगिता में 15 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल सदस्य रामराज मीणा, सहदेव चौधरी, उपमा मीना, मनीष गुप्ता, श्रीनिवास गुर्जर, डा. प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल, अभिषेक कुमावत ने अंकों के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता में अभिलाषा मीना, खुशी दत्तात्रेय व कशिश मीना का ग्रुप प्रथम, मोनिका जांगिड़, विशाखा, वीनेश जाटव का ग्रुप द्वितीय एवं राधा जाटव, मनीषा सैनी व पुष्पा जाटव का ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। विजेता ग्रुप की छात्राओं ने प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने पुरस्कृत किया। महाविद्यालय में धूम्रपान निषेध विशेष समिति के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. अनिल अग्रवाल ने धूम्रपान के दुष्प्रभाव बताए। कार्यक्रम का संचालन रामराज मीणा ने किया।

Scanned with CamScanner

# नृत्य प्रतियोगिता में हरिओम जांगिड़, गायन प्रतियोगिता में लव कुश प्रथम

**हिंडौन सिटी।** शहर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को अमृत महोत्सव के तहत नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश मीणा ने की। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी भोली मीणा ने बताया कि सांस्कृतिक प्रतियोगिता में 30 छात्रों ने भाग लिया। जिसमें नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हरिओम जांगिड़, द्वितीय स्थान सोनम, तृतीय स्थान कल्पना ने प्राप्त किया। वहीं गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लव कुश, द्वितीय स्थान कपिल शर्मा एवं तृतीय स्थान कौशला ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में रामराज मीणा, सर्वजीत मीणा, अनिल अग्रवाल, सहदेव चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, रामप्रसाद मीणा, श्रीनिवास गुर्जर मीणा, प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल, सुरेश कुमार मीणा, अभिषेक कुमावत, श्याम सुंदर शर्मा, मनीष गुप्ता, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।




हिंडौनसिटी। अमृत महोत्सव पखवाड़े के समापन पर प्रस्तुति देतीं छात्राएं।

## कॉलेज में जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**करौली।** गांधीवादी एस एन सुब्बाराव जी की जयंती पर राजस्थान युवा पखवाड़ा के तहत राजकीय महाविद्यालय करौली में जिला स्तरीय कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य ज्ञानेश्वर मीणा की अध्यक्षता व भरत लाल मीणा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, विशिष्ट अतिथि गोविंद प्रसाद शर्मा सहायक निदेशक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने गांधी जी और सुब्बाराव जी के जीवन दर्शन पर अपने विचार प्रकट किए। इनमें प्रमुख रूप से सर्वेश कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ने गांधी जी के रचनात्मक कार्य राम अवतार प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय ने गांधी वाद के विस्तार में सुब्बाराम जी का योगदान का महत्व पर विचार प्रकट किए। वहीं भरत लाल मीणा व प्राचार्य ज्ञानेश्वर ने ब्लॉक स्तर पर आयोजित की गई।

Scanned with CamScanner

कार्यालय, प्राचार्य,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिन्डौन सिटी (करौली)

क्रमांक–

दिनांक–

# सूचना

कॉलेज में अध्ययनरत सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या दिनांक 01.01.2022 को 18 वर्ष पूर्ण होगी( जिनका जन्म 02.01.2003 से 01.01.2004 के बीच) उनका मतदाता पहचान पत्र हेतु पंजीयन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु महाविद्यालय में दिनांक 29 नवंबर 2021 एक क्लस्टर कैंप का आयोजन किया जाएगा । इसमें ऑनलाइन वोटर हैल्पलाइन एप(VHA) के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र हेतु पंजीयन किया जाएगा । अतः इस हेतु पात्र सभी छात्र आधार कार्ड या 10 वीं की अंकतालिका और राशन कार्ड लेकर उपस्थित होवें। इस सम्बंध में किसी भी जानकारी के लिए मतदाता साक्षरता क्लब नोडल अधिकारी श्री सहदेव सिंह चौधरी से संपर्क कर सकते हैं।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य हिन्डौन सिटी

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
हिन्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,हिण्डौन सिटी

दिनांक 25/1/22

सादर प्रकाशनार्थ

स्थानीय संपादक

राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर–हिण्डौन सिटी

## प्रेस समाचार

### महाविद्यालय में मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ :–

स्थानीय महाविद्यालय में आज दिनांक 25/01/2022 को मतदाता दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेश चन्द मीना द्वारा समस्त स्टाफ सहित छात्र/छात्राओं को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी श्री सहदेव सिंह चौधरी एवं श्री सर्वेजीत मीना, डॉ अनिल अग्रवाल, श्री श्रीनिवास गुर्जर, डॉ रीतेश जैन , श्रीमती उपमा मीना, श्री रामप्रसाद मीना , श्री राधेश्याम मीना, श्री अभिषेक डागुर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय

हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, शुक्रवार, 4 मार्च, 2022 | 16

## राजकीय कॉलेज में विद्यार्थियों को मतदान के लिए किया जागरूक

हिंडौन सिटी | शहर के राजकीय कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने की।

प्राचार्य सुरेश चंद एवं सहायक प्राचार्य रीतेश जैन ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को इलेक्शन स्वीप के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाने वाली क्विज, वीडियो, पोस्टर डिजाइन, गीत एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक भाग लेने हेतु जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीकरण किया गया एवं छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन 15 मार्च तक किया जाएगा। कार्यक्रम में रामराज मीणा, डॉ अनिल अग्रवाल, भोली मीणा, उपमा मीना, डॉ प्रीति सिंह, मनीष कुमावत आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

दिनांक 12/11/2022

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) करौली के आदेश क्रमांक निर्वाचन/2022/1048 दिनांक 7/11/2022 की अनुपालना में महाविद्यालय के 17+ एवं 18 + आयु वर्ग के नियमित विद्यार्थियो का वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से पंजीकरण करने हेतु निम्नलिखित छात्रों को नियुक्त किया जाता है।

1 अरबाज खॉन बी.ए. द्वितीय

2 सोनू गुर्जर बी.एस .सी द्वितीय

3 आमिर खॉन बी.ए. द्वितीय

4 अरबाज खॉन बी.एस.सी. द्वितीय

5 शोएब मलिक बी.ए. द्वितीय

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य हिण्डौन सिटी

(सुरेश चन्द मीना) 12/11/2022

प्राचार्य

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

हिन्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

## कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

क्रमांक 913 दिनांक 13/12/22

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी
(एस.डी.एम.)
हिण्डौन सिटी

विषयः– विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के दौरान सभी 17+ एवं 18+ आयु वर्ग के मतदाताओं का वोटर हेल्प लाईन एप द्वारा ईलसी (कॉलेज) नोडल अधिकारी के माध्यम से ऑन लाइन पंजीयन सुनिश्चित करने बावत्।

सन्दर्भ :– निर्वाचन/2022/1296 दिनांक 12/12/2022

महोदय्

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय में 17+ एवं 18+ आयु वर्ग के मतदाताओं का वोटर हेल्प लाईन एप द्वारा ईलसी (कॉलेज) नोडल अधिकारी के माध्यम से 23 विद्यार्थियों ऑन लाइन पंजीयन कराया जा चुका है सूचनार्थ प्रेषित है।

सलंग्न :– सूची

(सुरेश चन्द मीना)
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
हिन्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

# Govt. P.G. College, HINDAUNCITY

| S.No. | Name | Father's Name | Age. | Class | D.O.B. | Reference Id |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Arwaz khan | Jahoor khan | 18+ | BSc II | 24.01.2004 | OJR100046683 |
| 2. | Nisha Meena | Lakhan Lal Meena | 17+ | B.A II | 05.7.2005 | ONK736359145 |
| 3. | Aman | Hari singh | 18+ | B.Sc II | 20.12.2002 | OXD426890408 |
| 4. | priti sain | sunil sain | 18+ | B.Sc II | 16.03.2003 | OSM930488426 |
| 5. | Sonu Gurjar | Dharmraj Gurjar | 18+ | B.Sc II | 15.02.2004 | OIB475714873 |
| 6. | SUNEEL RAI | MAHENDRA RAI | 18+ | B.A. II | 5-5-1999 | OLG925017254 |
| 7. | Arbaz khan | Taiyyub khan | 18+ | B.A.II | 10.10.2004 | ONF481906755 |
| 8. | Rajni Upadhyay | Rajesh Upadhyay | 17+ | B.A.I | 17.8.2005 | OHG991316413 |
| 9. | Vishnu kumar sain | Pappu | 17+ | B.Sc.I | 25.4.2005 | ~~OSS613120536~~ OSS613120536 |
| 10. | Lokesh | Devi Singh | 18+ | B.Sc.I | 01.07.2003 | OJF790841054 |
| 11. | Rajendra Jorwal | Ramesh chand | 17+ | B.A.II | 15.5.2005 | OGU602554752 |
| 12. | NISHA VAI MEENA | RAMKESH | 18+ | B.Sc.I | 20.5.2004 | OUV493165852 |
| 13 | Soeb malik | Rahish khan | 18+ | B.A.II | 15/7/2003 | OHB147190533 |
| 14 | ARPITA Jangid | Ganjanad | 17+ | B.A.II | 7/11/2004 | OEK370362892 |
| 15 | RAHUL Meena | Ramesh Chand meena | 18+ | B.Sc I | 9/7/2003 | OQV837268706 |
| 16 | AJEET Fakir | Deenu Fakir | 18+ | B.A.II | 20/7/2004 | Problem occurs many times. |
| 17. | SANDHYA | BABLU | 17+ | B.Sc.I | 13/08/2004 | OHI891011283 |
| 18. | KALPANA KIRAR | NANDKISHORE | 18+ | B.Sc.II | 06/05/2003 | |
| 19 | JEETENDRA SINGH | AALIM SINGH | 17+ | B.A.I | 07/07/2005 | ONN508005725 |
| 20 | Ramsingh Jadaun | Mahaveer Singh | 17+ | B.Sc.I | 25/01/2005 | OPL540268806 |
| 21 | NARENDRA KUMAR | JALDHARI BAIRWA | 18+ | B.A.I | 25/01/2004 | BER969468242 |
| 22. | Priyanka Jatav | Rameshvar Lal Jatav | 18+ | B.A.I | 04/03/2003 | SFC1948215 |
| 23. | Krishna | Shyam singh | 18+ | B.A.I | 17/03/2004 | OWV168637618 |

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

दिनांक 14/12/22

सूचना

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) करौली के आदेश क्रमांक निर्वाचन/2022/1300 दिनांक 14/12/2022 की अनुपालना में महाविद्यालय के 17+ एवं 18 + के नियमित विद्यार्थियो को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में ELC नोडल अधिकारी एवं ELC सदस्यो द्वारा वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से दिनांक 15/12/2022 से 17/12/2022 तक आयोजित विशेष शिविर में वोटर कार्ड बनवाया जाना सुनिश्चित करें।

(सुरेश चन्द मीना) 14/12/22
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
हिन्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

क्रमांक 936 दिनांक 17/12/2022

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी
(एस.डी.एम.)
हिण्डौन सिटी

विषयः— विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के दौरान सभी 17+ एवं 18+ आयु वर्ग के मतदाताओं का वोटर हेल्प लाईन एप द्वारा ईलसी (कॉलेज) नोडल अधिकारी के माध्यम से ऑन लाइन पंजीयन सुनिश्चित करने बाबत्।

सन्दर्भ :— निर्वाचन/2022/1296 दिनांक 12/12/2022 एवं आपका पत्रांक निर्वा./2022/783 दिनांक 14/12/2022

महोदय्

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय में 17+ एवं 18+ आयु वर्ग के मतदाताओं का वोटर हेल्प लाईन एप द्वारा ईलसी (कॉलेज) नोडल अधिकारी के माध्यम से तीन दिवस का विशेष शिविर दिनांक 15/12/2022 से 17/12/2022 तक लगाकर महाविद्यालय में आने वाले नियमित विद्यार्थियों का ऑन लाइन पंजीयन कराया जा चुका है सूचनार्थ प्रेषित है।

(सुरेश चन्द मीना)
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
हिन्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

क्रमांक 1085 दिनांक 25/01/2023

श्रीमान् निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
(एस.डी.एम.) हिण्डौन सिटी

**विषय :– राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलवाने बाबत्।**
**सदर्भ :–आपका पत्र क्रमांक निर्वा./2023/14 दिनांक 12/01/2023**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एंव संदर्भित पत्र के सम्बन्ध में आज दिनांक 25 जनवरी 2023 को 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के कार्मिको एवं विद्यार्थियों को प्रातः 11.00 बजे महाविद्यालय में शपथ दलाई गई । सूचनार्थ प्रेषित है।

सलंग्न :– फोटोग्राफ

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

Gmail

Search mail

**PRINCIPAL GOVT PG COLLEGE HINDAUN CITY Rajasthan**
to Hindaun.ero@gmail.com

---------- Forwarded message ---------
From: Shriniwas Gurjar <shriniwas.gurjar@gmail.com>
Date: Wed, Jan 25, 2023 at 1:17 PM
Subject:
To: Govt. College Hindaun City Karauli <gchindaun@gmail.com>

--

With Best Wishes

Principal
Government P.G. College
Hindaun City, Dist.- Karauli 322230,
Rajasthan (INDIA)
Mobile:+91-9414446246

**4 Attachments** • Scanned by Gmail







कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

sdm.pdf

Message sent

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर करौली 08-11-2023

करौली-हिंडौन भास्कर

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में लोगों से मतदान करने की अपील की



जीरोता। मतदाता जागरूकता के लिए दीपक जलाती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता | करौली



शहर के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 14 की कार्यकर्ताओं की ओर से विधानसभा चुनाव के लिए घर-घर जाकर लोगों को पीले चावल बांटकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। वहीं आंगनबाड़ी केन्द्र पर मतदान करने की जागरूकता के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज शर्मा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर अब कुछ ही दिन बचे हैं। इसलिए चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि मताधिकार हम सबकी बड़ी ताकत है। इसलिए हमें अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए 25 नवंबर को मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शर्मा ने कहा कि कई लोग यह सोचकर वोट डालने से गुरेज करते हैं कि हमें चुनाव से क्या लेना देना है। लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए और मतदान करने में पूरी दिलचस्पी दिखानी चाहिए। उन्होंने बताया इस दौरान अपने वार्ड सेवा सिंह की गली, पुरानी सब्जी मंडी और करौली क्षेत्र में जाकर लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है। इस अवसर पर सहायिका निर्मला मंगल व सामाजिक कार्यकर्ता नेहा खान आदि उपस्थित थे।

जीरोता | ग्राम पंचायत हाड़ौती में महिला एवं बाल विकास के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के लिए मैन बाजार चौराहे पर दीपक जलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो , मतदान हमारा अधिकार है, करें नहीं इसको बेकार , वोट डालने जाना अपना फर्ज निभाना आदि नारे लगाकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया।




हिंडौनसिटी | राजकीय महाविद्यालय में महिला वोटर रैली निकाली गई।

का.संवाददाता | हिंडौनसिटी। ग्रामीण

राजकीय महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए महिला वोटर रैली निकाली गई। सतरंगी सप्ताह के चौथे दिन महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए महिला वोटर रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पप्पू राम कोली ने उपस्थित सभी महिला मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया ।

महाविद्यालय में ईएलसी के प्रभारी सुनील कुमार मीणा ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय में छात्राओ द्वारा कॉलेज परिसर से कलाम सर्किल, ईस्लामपुरा तक जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं से संपर्क कर उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी उपमा मीणा ने बताया कि सतरंगी सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं के घर-घर जाकर संपर्क किया गया।

## निकाली रैली, वोट डालने के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित




मासलपुर | राजकीय महाविद्यालय मासलपुर के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मासलपुर में रैली का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। राजकीय महाविद्यालय मासलपुर के प्राचार्य विवेक शर्मा ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मासलपुर राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस दौरान 25 नवंबर को आयोजित मतदान दिवस में भाग लेने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया।

Scanned with CamScanner

...ा के चार
...पकड़े

...पुर @ पत्रिका. ...लिस ने मंगलवार को ...चार आरोपियों को पकड़े ... दो बालअपचारियों को ...ा है। वहीं एक आरोपी को ...तार किया है। पुलिस ने ...गिरफ्तार आरोपी राहुल ... गुर्जर निवासी आलनपुर ...खन उर्फ लखन पुत्र ...र निवासी छाण खण्डार ...वहीं दो बालअपचारियों ... किया गया है। आरोपी ...के कब्जे से घटना में ... कट्टा बरामद किया है। ...ताया कि इस संबंध में 10 ...को राजेश पुत्र कल्याण ...वासी खिलचीपुर ने ... की प्राथमिकी दर्ज

## विधानसभा चुनाव

### सतरंगी सप्ताह के तहत हो रहे आयोजन

# कॉलेज छात्रों ने रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

हिण्डौनसिटी @ पत्रिका. विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाली।

रैली को प्राचार्य डॉ. रघुराज कोली ने रवाना किया। सहायक आचार्यों के निर्देशन में निकाली रैली में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के आस-पास की कॉलोनियों में युवा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। ईएलसी के प्रभारी सुनील कुमार मीणा ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए यूथ वोटर रैली निकाली गई। जिला स्वीप प्रकोष्ठ की ओर से महाविद्यालय में 4 से 10 नवम्बर तक सतरंग सप्ताह मनाया जा रहा है। युवाओं ने कॉलेज परिसर से कल्याण सर्किल तक जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं एवं दिव्यांगजनों से संपर्क कर 25 नवम्बर को अनिवार्य रूप से मतदान करने को प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी उपमा मीणा ने बताया कि सतरंगी सप्ताह में सात दिवसों में दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के घर-घर जाकर संपर्क कर मतदान दिवस पर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

इस दौरान डॉ. अनिल अग्रवाल, सुरेश चंद मीणा, सुश्री शालिनी गुप्ता, रीतेश जैन, डॉ. महेश चंद गुप्ता, मुकेश गोयल, आदि मौजूद रहे।

(कार्यालय संवाददाता)



हिण्डौनसिटी. करौली मार्ग पर मतदाता जागरूकता रैली निकालते सहायक आचार्य व विद्यार्थी।

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

शीतल सिंह चौधरी, भीम सिंह महावर भी मौजूद रहे।

विकास
ओं के
दौरान
सरपंच
शिक्षक
सिंह,
धायक
क एवं
अवसर
समग्र
साढ़े
नाए गए
काटकर
ख्याता
कांग्रेस
क राज्य
राजकीय
क स्कूल

# हिंडौन सिटी के राजकीय कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन, विद्यार्थियों को मानसिक रोग के बारे में जानकारी दी



**हिंडौन सिटी**| राजकीय कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके तहत मानसिक रोग के बारे में विस्तार से बताया गया। सहायक आचार्य डॉ. श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में महाविद्यालय में मस्तिष्क मानसिक नशा रोगों को जानने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमराज मीना ने मानसिक रोग की भ्रांतियों के बारे में समझाया। मानसिक रोग में देवी-देवताओं एवं तांत्रिकों से उपचार भव नहीं हैं। इस रोग का सही समय पर उपचार जरुरी हैं। डॉ. दीपक चौधरी ने उदाहरण देकर मानसिक रोग के बारे में बताया। इस अवसर पर गौरव गोयल, प्राचार्य सुरेश चंद मीना, महेश गर्ग, मुकेश कुमार गोयल, भोली मीना ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

Scanned with CamScanner